महत्वपूर्ण

संख्या-2/2483/60-2-13-2/1(26)12

प्रेषक,

ए0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ: 30 सितम्बर, 2013

विषय : डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-526/बा0वि0परि0/स0ग्रा0वि0यो0/नि0/2013-14, दिनांक 22-08-13 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2 इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 राज्य मंत्री, समग्र ग्राम विकास सचिवालय सेल की अध्यक्षता में डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के सम्बन्ध में दिनांक 19-08-13 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना एवं समग्र ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रेषित सूचना में अन्तर है। जनपदों से प्राप्त प्रगति के अनुसार वर्ष 2012-13 में 3771 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लक्ष्य को पूर्ण किया गया है, जबकि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का लक्ष्य 1444 बताया गया है। इससे पहले मुख्य सचिव, उ0प्र0 की बैठक में यह संख्या 1526 बतायी गयी।

3 उक्त से स्पष्ट है कि निदेशालय द्वारा वर्ष 2012-13 के अवशेष अपूर्ण ग्रामों के लक्ष्यों के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न सूचनायें प्रेषित की गयी हैं, जिससे शासन को असमंजस् की स्थिति का सामना करना पड रहा है। मुख्य सचिव, उ0प्र0 के स्तर पर आयोजित प्रत्येक बैठक में इस अन्तर को सदैव इंगित किया जाता रहा है। इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट कराये जाने के निर्देश पूर्व में भी प्रदान किये गये हैं। अत: प्रकरण में सम्बन्धित अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराने के साथ ही भविष्य में समग्र विकास विभाग से सूचनाओं का मिलान करते हुये सही सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से प्राप्त की जाने वाली सूचनाओं को भी सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से ही प्राप्त किया जाये ताकि सूचनाओं में एकरूपता बनी रहे।

भवदीय,
ए0 पी0 सिंह
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in